# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद ।

## (टिप्पणियां एवं आदेश)

उपाध्यक्ष /मा0 अध्यक्ष महोदय

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 138वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 07–11–2013 का कार्यवृत्त तैयार कर लिया गया है । कृ0 अनुमोदित करना चाहें ।

( आर0के0 सिंह ),
सचिव

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 138वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 07–11–2013 का कार्यवृत्त

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 138वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 07–11–2013 को सम्पन्न हुई जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों/सदस्यों द्वारा भाग लिया गया::–

1– श्री संतोष कुमार यादव, अध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद ।

2– श्री संतोष कुमार यादव, उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद ।

3– श्री एस0वी0एस0 रंगा राव, जिला मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद ।

4– श्री एस0के0 जमान,मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,उ.प्र. लखनऊ ।

5– श्री पारसनाथ, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मेरठ मंडल, मेरठ–प्रतिनिधि विशेष सचिव, वित्त , उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ ।

6– श्री आर0के0 सिंह, नगर आयुक्त, नगर निगम, गाजियाबाद ।

7– श्री योगेन्द्र कुमार जैन, अधीक्षण अभियन्ता,, उ.प्र. जल निगम, गाजियाबाद–प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. जल निगम, लखनऊ के प्रतिनिधि ।

8– श्री ए0के0 त्यागी, सहायक नियोजक, प्रतिनिधि– चीफ कोआर्डिनेटर प्लानर, एन.सी.आर. सेल, गाजियाबाद ।

9– श्री राम किशोर अग्रवाल, गैर सरकारी सदस्य, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद

10– श्री धर्मवीर डबास, गैर सरकारी सदस्य, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद

11– श्री विमल कुमार शर्मा, संयुक्त आवास आयुक्त, मेरठ जोन– विशेष आमंत्री ।

12– श्री अनिल स्वामी, सदस्य (गैर सरकारी ) (नगर निगम, गाजियाबाद ), गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

13– श्री ओम त्यागी,, सदस्य (गैर सरकारी ) (नगर निगम, गाजियाबाद ), गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

14– श्री सिंह राज, सदस्य (गैर सरकारी ) (नगर निगम, गाजियाबाद ), गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

15– श्रीमती प्रीति यादव, सदस्य (गैर सरकारी ) (नगर निगम, गाजियाबाद ), गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक के एजेन्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त सर्व–सम्मति से निम्नवत् निर्णय लिये गये :–

| मद | विषय | निर्णय |
| --- | --- | --- |

| सं0 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1/138 | | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनॉक 07–10–2013 के कार्यवृत्त की पुष्टि। | | बोर्ड द्वारा दिनॉक 07–10–2013 के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्व सम्मति से की गई । |
| 2/138 | | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनॉक 07–10–2013 के कार्यवृत्त पर अनुपालन आख्या। | | बोर्ड द्वारा दिनॉक 07–10–2013 के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या अवलोकित की गई । |
| 3/138 | | जी0टी0 रोड पर ट्रक यूनियन के साथ महामाया स्टेडियम एवं गाजियाबाद दिल्ली रेलवे लाईन के मध्य बडा पार्क विकसित करने के संबंध में । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |
| 4/138 | | ग्राम मकनपुर तहसील व जिला गाजियाबाद स्थित खसरा नम्बर 510, 670, 669 श्री जगदीश प्रसाद व श्री आनन्द प्रकाश की भूमि अर्जन से मुक्त किये जाने के संबंध में । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रत्यावेदन निरस्त किया गया। |
| 5/138 | | ग्राम अर्थला के खसरा नम्बर 1399, 1402, 1403 पर हज हाऊस के मानचित्र पर बाह्य विकास शुल्क एवं भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क में छूट दिये जाने के संबंध में । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । भविष्य में यदि जन हित के इसी तरह के प्रकरण बोर्ड के समक्ष आते हैं तो उन पर गुण दोष के आधार पर विचार किया जाये । |
| 6/138 | | प्राधिकरण द्वारा 30 वर्ष अथवा 30 वर्ष हेतु नवीनीकृत पटटा विलेखों की समय अवधि पटटे की शर्तों के अनुसार नियत समय से पूर्व 90 वर्ष हेतु नवीनीकरण के संबंध में । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्ताव के परीक्षण हेतु समिति गठित किये जाने का निर्णय लिया गया तथा समिति की रिपोर्ट के अनुसार कार्यवाही किये जाने हेतु उपाध्यक्ष को अधिकृत किया गया । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 7/138 | | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में स्थित 2000 वर्ग मीटर व उससे अधिक क्षेत्रफल के बहु उद्धेश्यीय भूखण्डों (व्यावसायिक , ग्रुप हाउसिंग, मल्टी प्लैक्स, कन्वीनियेन्ट शैपिंग, बैंकेट हॉल, सामुदायिक केन्द्र, पेट्रोल पम्प, नर्सिंग होम आदि) को टू बिड सिस्टम नीलामी के माध्यम से आवंटन हेतु नियम एवं शर्तें निर्धारित किये जाने के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव निम्न संशोधन के साथ स्वीकार किया गया स्वीकार किया गया :- <br>1- निविदादाता की आवश्यक तकनीकी योग्यता में 2 परियोजना के स्थान पर 01 ऐसी परियोजना पूर्ण की गई हो जो आवेदित भूखण्ड पर प्रस्तावित परियोजना के समान क्षेत्रफल की हों, को स्वीकार किया गया । <br>2- रू0 5 करोड से कम न्यूनतम आरक्षित मूल्य की सम्पत्ति के संबंध में 07 दिन के स्थान पर 30 दिन के अन्दर बिना ब्याज के जमा किये का प्रस्ताव स्वीकार किया गया । <br>3- आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 02 माह के अन्दर भुगतान प्लान ए0 से बी0 अथवा बी0 से ए0 में परिवर्तन अनुमन्य किया गया । |
| 8/138 | | प्राधिकरण की योजनाओं में निर्मित सामुदायिक केन्द्रों पर मोबाईल टावर स्थापित किये जाने के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव इस शर्त के साथ स्वीकार किया गया कि मोबाईल टावर स्थापित किये जाने हेतु जो रेडिएशन नार्म्स हैं, के प्राविधान सुनिश्चित किये जायें । |
| 9/138 | | कर्पूरीपुरम आवासीय योजना के तलपट मानचित्र में आंशिक संशोधन के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |
| 10/138 | | शासनादेश संख्या 1106 /9-आ-1-(आ0ब0) बोर्ड बैठक /2001 दिनॉक 01-3-2001 के बिन्दु-18 में इंगित बिन्दुओं पर | बोर्ड द्वारा शासनादेश संख्या 1106 /9-आ-1-(आ0ब0) बोर्ड बैठक /2001 दिनॉक 01-3-2001 के बिन्दु-18 में इंगित |

| | | |
|---|---|---|
| | सूचना । | बिन्दुओं पर दी गयी सूचनाओं का अवलोकन किया गया । |
| 11/138 | गाजियाबाद में कियान्वित की जा रही हाईटैक/ इंटीग्रेटेड टाऊनशिप योजनाओं की प्रगति के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव अवलोकित किया गया । |
| 12/138 | प्राधिकरण द्वारा आवंटित ग्रुप हाउसिंग व अनावासीय सम्पत्ति एवं बाह्य विकास शुल्क की निर्धारित किश्तों का समय से भुगतान न करने पर डिफाल्टेड पैनल ब्याज लगाये जाने के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई ।

( आर0के0 सिंह )
सचिव
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

( संतोष कुमार यादव )
उपाध्यक्ष
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

अनुमोदित

( संतोष कुमार यादव )
अध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण